<u>**राज्य सभा**</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 466

19 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड का निजी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम

466. श्री ए० के० सेल्वाराजः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) देश में निजी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सेल ने मई, 2015 में विश्व के सबसे तेजी से बढ़ रहे इस्पात बाजार और एक मुख्य कार निर्यात केन्द्र की बढ़ती हुई मांग का लाभ उठाने के लिए 'आटोमोटिव ग्रेड' हेतु एक संयंत्र की स्थापना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे;

(घ) क्या यह भी सच है कि अब उक्त हस्ताक्षरित करार की कुछ मुख्य शर्तों पर सेल और निजी कंपनी के बीच कुछ असहमतियां हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और आर्सिलर मित्तल (एएम) ने भारत में एक संयुक्त उद्यम (जेवी) के तहत एक ऑटोमोटिव इस्पात निर्माण सुविधा की स्थापना करने की संभावना का पता लगाने के लिए दिनांक 22 मई 2015 को एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है।

(घ) और (ङ): संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना करने के लिए सेल और एएम दोनों से प्रतिनिधियों वाला एक टास्क फोर्स विस्तृत अध्ययन कार्य एवं पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन तथा सभी अन्य मुद्दों पर कार्य कर रहा है।

*****